# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर

## जी.ई. रोड, रायपुर -492001 (छत्तीसगढ़)

Web site-www.gacraipurcg.in
Tel./ Fax No.:- 0771-2263396

E- mail- ayurvediccollege@gmail.com


क्रमांक/ G6PDd/स्टोर/2022/...5223...  दिनांक 26/10/22

## वाक-इन इन्टरव्यू

श्री नारायण प्रसाद अवस्थी, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर, (छ.ग.) द्वारा, भारत सरकार आयुष मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा स्वीकृत प्रोजेक्ट "An AYUSH health care initiative, to improve quality of life and prevent anemia (G6PDd) in tribal population of Pharasgaon block of Kondagaon district in Chhattisgarh" के क्रियान्वयन के लिए कन्सल्टेन्ट आयुर्वेद मेडिकल ऑफिसर पद के संविदा नियुक्ति हेतु दिनांक 10.11.2022 को वाक-इन इन्टरव्यू आयोजित किया जावेगा। पद से सम्बन्धित योग्यता, मानदेय आदि विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | पद | पद संख्या | योग्यता | मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कन्सल्टेन्ट आयुर्वेद मेडिकल ऑफिसर (संविदा) | 01 | 1. भारतीय चिकित्स पद्धति राष्ट्रीय आयोग (पूर्व नाम भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद), नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से आयुर्वेद में स्नातक उपाधि, इन्टर्नशिप सहित।<br>2. छत्तीसगढ़ आयुर्वेद, यूनानी तथा प्राकृतिक चिकित्सा बोर्ड में स्थायी पंजीयन। | रूपये 30,000/- प्रतिमाह |

आवेदन सम्बन्धी प्रक्रिया की जानकारी, नियम एवं शर्तें, आवेदन पत्र का प्रारूप शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर की वेबसाईट www.gacraipurcg.in पर उपलब्ध है। वेबसाइट पर उपलब्ध आवेदन के प्रारूप को डाउनलोड कर सम्यक रूप से भरकर आवश्यक मूल प्रमाण पत्रों एवं प्रमाण पत्रों का 1 सेट स्वभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ अधोलिखित पते पर अभ्यर्थी को वॉक-इन-इन्टरव्यू के लिए उपस्थित होना होगा।

**वाक-इन इंटरव्यू दिनांक 10.11.2022 गुरूवार**

**वाक-इन इन्टरव्यू हेतु स्थान :-** सेमीनार हॉल, श्री नारायण प्रसाद अवस्थी शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय जी.ई. रोड, रायपुर पिन -492010 छत्तीसगढ़।

**रिपोर्टिंग समय प्रातः 10:30 से दोपहर 12:00 बजे तक।**

**वाक-इन इन्टरव्यू दोपहर 12:30 बजे से आगे।**

26/10/22
**Principal Investigator**
**G6PDd Project**

26/10/22
**प्राचार्य**
**शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय**
**रायपुर (छ.ग.)**

**भारत सरकार आयुष मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा स्वीकृत प्रोजेक्ट "An AYUSH health care initiative, to improve quality of life and prevent anemia (G6PDd) in tribal population of Pharasgaon block of Kondagaon district in Chhattisgarh" के क्रियान्वयन हेतु, कन्सल्टेन्ट आयुर्वेद मेडिकल ऑफिसर 01 पद (संविदा) की सेवाओं हेतु नियम एवं शर्तें :-**

01. शैक्षणिक योग्यता :-

- भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (पूर्व नाम भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद), नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से आयुर्वेद में स्नातक उपाधि, इन्टर्नशिप सहित।
- छत्तीसगढ़ आयुर्वेद, यूनानी तथा प्राकृतिक चिकित्सा बोर्ड में स्थायी पंजीयन।

02. कन्सल्टेन्ट आयुर्वेद मेडिकल ऑफिसर (संविदा) के लिए community Adolescent/pediatric care के अनुभव प्रमाण-पत्र को प्रथमिकता दी जावेगी।

03. कन्सल्टेन्ट आयुर्वेद मेडिकल ऑफिसर (संविदा) को प्रतिमाह रूपये 30,000/- निश्चित राशि (मानदेय) देय होगा, अन्य भत्ते देय नहीं होंगे।

04. वॉक-इन-इन्टव्यू दिनांक तक आवेदकों की अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष होगी।

05. प्रारंभ में यह नियुक्ति प्रथम 06 माह के लिए होगी तत्पश्चात् भारत सरकार आयुष मंत्रालय के दिशा निर्देशानुसार आगे अधिकतम दो वर्ष चार माह तक रहने की संभावना है।

06. कार्यालय में प्रतिदिन उपस्थित होकर सेन्ट्रल सेक्टर स्कीम Public health initiatives (PHI) के अन्तर्गत सौपे गये कार्यो को संपादित करना होगा।

07. कार्य संपादन हेतु कार्यालय केन्द्र आयुर्वेद औषधालय बोरगॉंव (फरसगांव) है।

08. कन्सल्टेन्ट आयुर्वेद मेडिकल ऑफिसर को संस्था के पूर्व अनुमति के बिना संपादित किये गये कार्यो की जानकारी तृतीय पक्ष को हस्तांतरित एवं उपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। कार्य प्रारंभ करने से पूर्व इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

09. सम्बन्धित को त्यागपत्र देने की स्थिति में प्रोजेक्ट सम्बन्धित सभी दस्तावेजों को संस्था में जमा कराना अनिवार्य होगा। यह सेवा पूर्णतः अंशकालिक होगी, अतः भविष्य में नियमितीकरण से सम्बन्धित कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

10. अनुबंधित व्यक्ति को नियुक्ति के पूर्व इस आशय का शपथ-पत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि उसके विरूद्ध पुलिस/न्यायालय में कोई आपराधिक प्रकरण विचाराधीन नहीं हैं, साथ ही वह किसी अन्य शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा में कार्यरत नहीं है।

11. कन्सल्टेन्ट आयुर्वेद मेडिकल ऑफिसर को अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली से भी समन्वय स्थापित कर कार्य का संपादन करना होगा।

12. अनुबंधित व्यक्ति किसी भी स्थिति में गैरकानूनी अथवा राजनीतिक गतिविधियों में भाग नहीं लेगा।

13. Principal Investigator के माध्यम से उपस्थिति सत्यापित होने के पश्चात् ही मानदेय का भुगतान अगले माह में किया जायेगा।

14. किसी भी विवाद की स्थिति में प्राचार्य, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर का निर्णय अंतिम होगा।

15. कार्य संतोषप्रद न होने पर 01 माह पूर्व नोटिस देकर सेवा समाप्त करने का अधिकार प्राचार्य, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) का होगा। सम्बन्धित भी एक माह पूर्व नोटिस या तत्काल 01 माह का संविदा वेतन जमा कर सेवा से मुक्त हो सकेंगें।

16. ऐसे अभ्यर्थी जिनके पास उल्लेखित शैक्षणिक योग्यता होंगे वे ही आवेदन हेतु योग्य होंगे।

17. कोंण्डागांव एवं उसके आस-पास के क्षेत्र के स्थानीय निवासी को प्राथमिकता दी जावेंगी।

26.10.22

**Principal Investigator**
**G6PDd Project**

26/10/22

प्राचार्य
शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

**भारत सरकार आयुष मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा स्वीकृत प्रोजेक्ट "An AYUSH health care initiative, to improve quality of life and prevent anemia (G6PDd) in tribal population of Pharasgaon block of Kondagaon district in Chhattisgarh" के क्रियान्वयन हेतु**

**कन्सल्टेन्ट आयुर्वेद मेडिकल ऑफिसर (संविदा) के रूप में सेवाएं देने हेतु आवेदन प्रपत्र**

Passport Size Photo

01. आवेदक का नाम :–..........................................................................

02. लिंग (पुरूष / महिला) :–..........................................................................

03. जन्मतिथि :–..........................................................................

04. पिता का नाम :–..........................................................................

05. माता का नाम :–..........................................................................

06. स्थायी पता :–..........................................................................

..........................................................................

07. मोबाईल नं. :–..........................................................................

08. ई–मेल आई.डी. :–..........................................................................

09. शैक्षणिक योग्यता :– (अंकसूची, उपाधि एवं पंजीयन की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)

| क्रमांक | योग्यता | बोर्ड/विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण वर्ष | प्राप्तांक | पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बी.ए.एम.एस. | | | | | |
| 2. | अन्य | | | | | |

10. Experience in community Adolescent/pediatric care :–..........................................................................
(हाँ/ नहीं) (यदि हाँ हो तो संलग्न करें।)

11. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची

1. ..........................................................................
2. ..........................................................................
3. ..........................................................................
4. ..........................................................................
5. ..........................................................................
6. ..........................................................................
7. ..........................................................................

**घोषणा**

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता हूँ / करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में दिये गये समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य हैं और यदि ये झूठे पाये जाते हैं, तो मेरी उम्मीदवारी / नियुक्ति निरस्त किए जाने योग्य होगी।

दिनांक :–

स्थान :–

आवेदक का हस्ताक्षर